दैनिक
जयपुर टाइम्स

epaper.jaipurtimes.org
29 Nov 2024 - Page 3

राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर का किया आयोजन, छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

जयपुर टाइम्स

बस्सी(नि.सं.)।कानोता सांभरिया रोड पर स्थित राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.तौफीक हुसैन ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओमप्रकाश बैरवा आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान ने स्वयंसेवकों को समय प्रबंधन का महत्व एवं राष्ट्रीय सेवा का उद्देश्य समझाया। शिविर में मुख्य वक्ता जिला समन्वयक डॉ.गोविंद शरण शर्मा ने भी स्वयंसेवकों को एनएसएस का विद्यार्थी जीवन में योगदान व श्रमदान का उद्देश्य समझाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ तौफीक हुसैन द्वारा विद्यार्थियों को एनएसएस के लिए जागरुक कर श्रमदान का आवाह्न किया। इस एकदिवसीय कैंप का मुख्य उद्देश्य छात्रों को समाज के प्रति उनके कर्तव्यों के बारे में जागरूक करना तथा समाज सेवा के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रियंका मीना के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया व स्वच्छता का महत्व जाना। इस दौरान महाविद्यालय के स्टाफ के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।